<u>सूचना का अधिकार मामला</u>

सं-47/1/2017-स्थापना-XI /1567
भारत सरकार
केन्द्रीय जल आयोग

चौथा तल (दक्षिण), सेवा भवन,
राम कृष्ण पुरम, नई दिल्ली - 110066.

दिनांक: 9th अक्टूबर, 2018

सेवा में,

**श्री शाहरुख़ मालिक,**
**A-416, पुरानी सीमापुरी, शाहदरा,**
**पूर्वी दिल्ली - 110095**

**विषय: सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत सूचना के अन्तर्गत श्री शाहरुख़ मालिक, A-416, पुरानी सीमापुरी, शाहदरा, पूर्वी दिल्ली - 110095 से ऑनलाइन प्राप्त आवेदन ।**

मान्यवर,

कृपया अपने सूचना के अधिकार आवेदन पत्र दिनांक 14.09.2018, जो कि अवर सचिव व नोडल अधिकारी, केन्द्रीय जल आयोग ने उनके पत्र संख्या A-49012/8/2017/RTI/373 दिनांक 14.09.2018 द्वारा स्थापना ग्यारह अनुभाग, केन्द्रीय जल आयोग में 04.10.2018 को प्राप्त हुआ, का सन्दर्भ लें जिसके माध्यम से आपने केन्द्रीय जल आयोग से सूचना माँगी है ।

2. आपके द्वारा मांगी गई सूचना के सूचना के सन्दर्भ में सूचित किया जाता है कि स्थापना ग्यारह अनुभाग, केन्द्रीय जल आयोग के सम्बन्ध में वांछित सूचना निम्न प्रकार है:

| मांगी गई सूचना | दी जाने वाली सूचना |
|---|---|
| मुझे यह बताएं कि केंद्र सरकार ने विकलांगों को पिछले 25 सालों में कितनी नौकरी दीं और पिछले 25 सालों में कितना खर्चा किया ? कौन-कौन से क्षेत्र में कितना खर्चा किया और कुल बजट का कितना राशिफल रखा केंद्र सरकार ने पिछले 25 सालों में ? | 25 साल का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं हैं तथापि रोस्टर के अनुसार स्थापना ग्यारह अनुभाग द्वारा वर्तमान में 04 दिव्यांगों को नियुक्ति प्रदान की गई है, तथा केन्द्रीय जल आयोग के अधीनस्थ कार्यालय में दिव्यांग के 01 रिक्त पद को भरने के लिए डोजियर क्षेत्रीय कार्यालय को प्रेषित किया गया है, जिसका पदभार ग्रहण प्रतीक्षा में है । |
| अभी कितनी नौकरी की सीट खाली हैं सरकारी नौकरी की विकलांगों के लिए। | बजट सम्बंधित कार्य इस अनुभाग द्वारा नहीं देखा जाता है। |

3. यदि आप अधोहस्ताक्षरी द्वारा दी गई सूचना से संतुष्ट नहीं हैं तो प्रथम अपीलीय प्राधिकरण का नाम एवं पता निम्नप्रकार है, जिनको आप उत्तर पाने के ३० दिनों के अंदर सूचना का अधिकार के धारा १९(१) के अंतर्गत अपनी अपील दायर कर सकते हैं:

**श्री मोती लाल, सयुंक्त सचिव,**
**8वीं मंजिल (उत्तर), केन्द्रीय जल आयोग,**
**सेवा भवन, राम कृष्ण पुरम,**
**नई दिल्ली - 110066.**
**☎: 26711049**

भवदीय,

**(राजेश शर्मा)**
**केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं अवर सचिव**
**☎: 29583328**

प्रति:

1. नोडल अधिकारी एवं अवर सचिव, केन्द्रीय जल आयोग, सेवा भवन, राम कृष्ण पुरम, नई दिल्ली - 110066.
2. Deputy Director, SM Dte., CWC with the request to upload the letter/reply on CWC website.